तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

12 रायपुर नाका अंडरब्रिज के गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी...



15 बच्चों ने थामा झाड़....श्रमदान कर विद्यार्थियों ने...






## खबर संक्षेप

### नशीली दवा के साथ दो युवक गिरफ्त में



**भिलाई।** नशे की दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविशंकर स्टेडियम के पीछे चैनल गेट के पास दो युवक अवैध रूप से नशीली दवा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया। पुलिस ने कसारीडीह गुरु घासीदास वार्ड दुर्ग निवासी गुलशन कौशल और बांस पारा मोहन नगर सुमित भोई को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने नशीली टेबलेट, मोबाइल फोन, नगदी, बाइक जब्त किया है। पुलिस ने 97 टेबलेट और दो मोबाइल जब्त किया गया। कुल सामानों की कीमत 92 हजार 200 रुपए आंकी गई है।


### इस साल जलाशयों में है भरपूर पानी इसलिए संकट की नहीं है स्थिति

# ट्विनसिटी सहित जिले के 900 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी नहीं, तांदुला जलाशय से छोड़ा 1700 क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

ट्विनसिटी सहित जिलेभर के तालाब निस्तारी के लायक नहीं रह गए हैं। तालाबों का पानी सूख चुका है। जिसकी वजह से लोगों के घरों में लगे हैंडपंप का जलस्तर भी नीचे चला गया है। भिलाई , दुर्ग, धमधा, बेमेतरा आदि क्षेत्रों में पानी की किल्लत हो रही है। इस हालात से निपटने के लिए तांदुला जलाशय से 1700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी जिले के 900 तालाबों को भरेगा। खम्हरिया-रिसाली माइनर से होते हुए दुर्ग भिलाई निगम क्षेत्र के तालाबों में आने लगा है। इस पानी से तालाब भरने से निस्तारी की समस्या दूर होगी और हैंडपंपों का जलस्तर भी बेहतर होगा। खास बात यह है कि जलाशयों में इस बार भरपूर पानी हैं जिससे पानी देने में जल संसाधन विभाग को दिक्कत नहीं आ रही है।



तांदुला जलाशय से 1700 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी।



शीतला तालाब स्टेशन मरोदा का सूखा तालाब निस्तारी के लिए इस तरह भरा जा रहा।

### ट्विनसिटी के 69 तालाबों में पहुंच रहा पानी

दुर्ग भिलाई के 69 तालाबों को भरने के लिए तांदुला जलाशय से 200 क्यूसेक पानी की डिमांड की गई है। इन तालाबों को भरने के लिए पानी नहर से होकर पहुंच रहा है। खम्हारिया माइनर से पानी उमरपोटी, मरोदा, रिसाली, रूआबांधा होते हुए बोरसी पहुंच रहा है। रूआबांधा से डायवर्ट होकर पानी सेक्टर एरिया के छोटी नहरों से होते हुए सुपेला, छावनी, रामनगर आदि क्षेत्रों के तालाबों में पहुंचेगा। बोरसी से ठगड़ाबांध और यहां से पानी दुर्ग के तालाबों में जा रहा है।



तांदुला जलाशय से नहरों के माध्यम से तालाब पहुंच रहा पानी।

### इन गावों में नहीं पहुंच पाया है पानी

ग्रामीणों के मुताबिक बानबरद, ढौर, अहिवारा, ननकंट्ठी, बासिंन, कोड़िया, करंजा भिलाई कचांदुर, पथरिया सहित करीब पांच दर्जन से अधिक गांवों में निस्तारी के लिए तालाबों को भरने छोड़ा गया पानी अब तक नहीं पहुंच पाया है। पिछले साल इस अवधि तक क्षेत्र के तालाबों में पानी भरना शुरू हो गया था लेकिन इस बार अब तक क्षेत्र के नहरों में पानी नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में निस्तारी को लेकर समस्या बनी हुई है। इनमें से कुछ गांव टेल एरिया में है जहां पानी को लेकर ग्रामीण परेशान हैं।

### तांदुला जलाशय में पिछले दो साल से ज्यादा पानी

वर्ष 2025 में जिले में भरपूर बारिश हुई है। जिसकी वजह से जलाशयों की स्थिति काफी अच्छी बनी हुई है। तांदुला जलाशय में इस भीषण गर्मी में भी पिछले दो साल की अपेक्षा ज्यादा जलभराव है। जलसंसाधन विभाग के मुताबिक तांदुला जलाशय में वर्तमान में 330.90 एमसीएम यानी 31.70 फीट जलभराव है। प्रतिशत के हिसाब से 70.54% पानी है। वर्ष 2024 में 120.52 एमसीएम और वर्ष 2025 में 116.70 एमसीएम जलभराव था। तांदुला जलाशय से दुर्ग-भिलाई, धमधा, बेमेतरा आदि क्षेत्रों के लिए पानी हर साल गर्मी में छोड़ा जाता है।

### इस टेल एरिया तक पहुंचने में लगेगा सप्ताहभर

तांदुला जलाशय से छोड़ा गया पानी टेल एरिया में पहुंचने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। धमधा ब्लाक के डोडकी, डुमा, अकोली, हिरेतरा, बिरझापुर, पथरिया, कोड़िया, मुरमंदा सहित कई गांवो में तालाबों में पानी सूख गए हैं। यहां के निजी व सार्वजनिक बोर में भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जिले के किसान फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही तालाबों को भरने पानी छोड़ने की मांग कर रहे थे। किसानों का कहना था कि कई क्षेत्रों में भूजल स्तर 15 से 20 फीट तक नीचे चला गया है और निस्तारी के लिए पानीकी समस्या बढ़ रही है। स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग को जलाशयों से पानी छोड़ने कहा गया।



# अधिवक्ता संघ के चुनाव में 85 फीसदी मतदान, अध्यक्ष का फैसला आज, कार्यकारिणी के परिणाम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव 2026 के लिए शनिवार को वोट डाले गए। मतदान की प्रक्रिया शनिवार को सुबह 9 बजे शुरू हुई। शाम 5 बजे तक अधिवक्ता कक्ष 4 के पीछे खाली मैदान में वोट डाले गए। 1703 सदस्यों वाले संगठन में 1454 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

इस प्रकार करीब 85 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। पहले अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के मतों की गिनती होगी, इसके परिणामों की घोषणा की जाएगी। अगले दिन यानी 6 अप्रैल को कार्यकारिणी सदस्यों के मत गिने जाएंगे और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए मिले मतों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। मतदान के दौरान सभी मतदाता को मतदान के लिए अपने अधिवक्ता परिचय पत्र को साथ रखना अनिवार्य किया गया था।

जानकारी अनुसार मतदान से पूर्व सभी मतदाताओं से वन बार वन वोट हेतु घोषणा पत्र भरवाया गया जिसमें कथन किया गया कि वह जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अलावा किसी अन्य अधिवक्ता संघ में पंजीकृत नहीं है, सिर्फ जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग में मतदान करता है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को बूथ 1 में 227, बूथ 2 में 276, बूथ 3 में 243, बूथ 4 में 225, बूथ 5 में 239 और बूथ 6 में 244 वोट डाले गए।

## 1703 मतदाताओं वाले संगठन में 1454 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग





### 17 पदों के लिए 64 प्रत्याशी मैदान में, मतदान के दौरान बनी रही गहमागमी

अधिवक्ता संघ दुर्ग के चुनाव में कुल 17 पदों पर 64 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिनमें अध्यक्ष पद पर 8 प्रत्याशी में से मात्र 1 प्रत्याशी को वोट देकर चयन करना है, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के 7 प्रत्याशियों में से मात्र 1 प्रत्याशी का वोट देकर चयन करना है, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला हेतु आरक्षित) 1 पद पर 5 महिला प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन करना है, सचिव पद पर 3 प्रत्याशियों में 1 प्रत्याशी का चयन करना है, सहसचिव पद पर चार प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन करना है, सहसचिव (महिला हेतु आरक्षित) 1 पद पर 3 महिला प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन करना है, कोषाध्यक्ष पद हेतु 4 प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन करना है। ग्रन्थालय सचिव के पद पर 3 प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन करना है। सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के सामान्य पद पर 2 प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी एवं सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव(महिला हेतु आरक्षित)1 पद पर 3 महिला प्रत्याशियों में से 1 प्रत्याशी का चयन किया जाना है।

### कार्यकारिणी के 5 पदों के लिए 18 प्रत्याशी

कार्यकारिणी सदस्य सामान्य में कुल 5 पदों हेतु 18 प्रत्याशी चुनाव में उम्मीदवार है जिनमें मात्र 5 सदस्यों को चयन कर मतपत्र पर सील लगाना है, 5 से ज्यादा सदस्य चुनने पर मतपत्र अवैध माना जायेगा। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य (महिला हेतु आरक्षित) 2 पदों पर कुल 4 महिला प्रत्याशी है जिनमें 2 प्रत्याशी का चयन करना है, मतपत्र में सभी पदों पर पदों की घोषणा अनुसार पद संख्या से ज्यादा प्रत्याशी का चयन करने पर उस पद का मत अवैध समझा जायेगा, इसलिए मतदान करने से पूर्व जानकारी प्राप्त कर मतदान करने की अपील की गई थी। मतदान हेतु सभी मतदाताओं को 2 अलग अलग रंग नीला और गुलाबी मतपत्र प्रदान किया गया। नीले रंग के मतपत्र में सभी बड़े पदों के पदाधिकारियों हेतु प्रत्याशियों के नाम थे और दूसरे मतपत्र गुलाबी रंग में कार्यकारिणी सदस्य सामान्य 5 पद एवं कार्यकारिणी सदस्य (महिला हेतु आरक्षित) 2 पद के प्रत्याशियों का नाम थे।

## खबर संक्षेप

### दो छात्र और छात्रा ने लगाई फांसी, जांच जारी





भिलाई। दो छात्र-छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को 11वीं की अकलोरडीह निवासी छात्रा वीणा ठाकुर ने अपने घर में फांसी पर झूल गई। उसने सुसाइड नोट में सॉरी मम्मी-पापा लिखा है। कहा कि, अब कभी परेशान नहीं करूंगी। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मृतका शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरवाय में पढ़ती थी। सुबह पढ़ाई करने के लिए उपर कमरे में गई हुई थी। सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो वीणा दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदे पर लटकी मिली। इसके अलावा रूंगटा कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे 19 वर्षीय छात्र ने भी आत्महत्या किया है। घटना स्मृति नगर चौकी का है। युवक का नाम आर्यनगर वार्ड नंबर-12 निवासी उमेश कुमार साहू है। उमेश के पिता ऑटो चालक है। वह रूंगटा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस सेकंड ईयर का छात्र था। दोनों के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया।

### जुनवानी, स्मृतिनगर, कातुलबोड़ होकर दुर्ग को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क का हाल बेहाल

# रायपुर नाका अंडरब्रिज के गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी, 6 महीने से गुजरने वाले हलाकान, अब तक नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जुनवानी, स्मृतिनगर, कातुलबोड़ होकर रायपुर नाका के रास्ते दुर्ग को जोड़ने वाला रायपुर नाका अंडर ब्रिज इन दिनों में परेशानियों का सबब बना हुआ है। गुजरने वाले लोग लगातार परेशान हैं। लगातार शिकायत के बाद भी सड़क का मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी व्यक्त की है। लोगों की मानें तो मार्ग से रोज 20 हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही होती है।

रात के समय भी लोग इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। बावजूद इसके इसका मेंटेनेंस अब तक नहीं कराया गया है। इसके कारण यह अंडर ब्रिज मुसाफिरों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। इस अंडरब्रिज की हालत ऐसी है कि दिन में भी यहां रात की तरह अंधेरा छाया रहता है। यहां से गुजरने वाले लोगों को अपने वाहन की लाइट जलानी पड़ती है। इसके अलावा अंदर की रोड पूरी तरह से उखड़कर गायब हो चुकी है। करीब 400 मीटर लंबे इस अंडर ब्रिज के सेंटर प्वाइंट में गड्ढे हैं। सीपेज का पानी हर समय ब्रिज के अंदर जमा रहता है। रात में अचानक लाइट गुल हो जाती है। अब तक इसके मेंटेनेंस को लेकर न ही प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है न ही रेलवे गंभीर है।



### 4 साल पहले करीब 7 करोड़ रुपए खर्च कर तैयार किया गया अंडर ब्रिज

जानकारी के मुताबिक रायपुर नाका अंडर ब्रिज का निर्माण 4 साल पहले करीब 7.20 करोड़ रुपए खर्च कर तैयार किया गया है। 43 मीटर लंबी और 6 मीटर चौड़ाई वाले इस ब्रिज में रेलवे फाटक के दूसरे छोर साइंस कालेज साइड एप्रोच रोड 140 मीटर की बनाया गया है। कातुलबोड़ की तरफ भी लगभग इतना ही निर्माण किया गया है। महज 4 साल में ही अंडर ब्रिज की हालत बेहद खराब हो गई है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। इस विषय को लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि अंडर ब्रिज का तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। अन्यथा कांग्रेस को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, यह शहर की प्रमुख सड़क है। इसकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दुर्ग शहर को पटरी के इस पार से उस पार जोड़ने दो फ्लाई ओवर और दो अंडर पास, बढ़ रहा ट्रैफिक का दबाव

वर्तमान में दुर्ग शहर की आबादी 3 लाख के पार पहुंच चुकी है। शहर का क्षेत्रफल तेजी से बढ़ा है। धमधा नाका की तरफ कर्मचारी नगर, सिकोलाभाठा, तितुरडीह, जवाहर नगर, कादम्बरी नगर से लेकर ग्राम चिखली तक शहर का विस्तार हो चुका है। इधर रायपुर नाका की तरफ सिंधिया नगर, हरि नगर, आशा नगर, हनुमान नगर, कातुलबोड़, पुष्पक नगर तक विस्तार हो गया है। इस प्रकार करीब 1 लाख की आबादी पटरी के उस पार निवास करती है। इसके लिए वर्तमान में रायपुर नाका और धमधा नाका में दो फ्लाई ओवर और दो अंडर ब्रिज हैं। वर्तमान में ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। चारों मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव है। बावजूद इसके मेंटेनेंस को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### खारून नदी पर बने ब्रिज का मेंटेनेंस जारी, 30 तक एक तरफ से आवाजाही

बता दें कि नेहरूनगर से रायपुर को जोड़ना वाला कुम्हारी के पास खारून नदी पर बना पुल भी काफी कंडम हो गया है। इसके मेंटेनेंस के लिए 30 अप्रैल तक मार्ग को डायवर्ट किया गया है। कार्य के लिए चलते दुर्ग से रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, आरंग, अभनपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहन नेवई उतई-सेलूद पाटन अभनपुर मार्ग से गुजारे जा रहे हैं। इस प्रकार एक ही पुल से दोनों तरफ के वाहनों को गुजारा जा रहा है।

### जिला कार्यालय में हुई बैठक

# युवा शक्ति के संकल्प के साथ मनाया जाएगा स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो भिलाई की बैठक हुई। यह बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन और भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष स्थापना दिवस को युवा शक्ति के संकल्प के साथ मनाया जाएगा, जिसमें जिले भर के हजारों युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर घर-घर भाजपा का झंडा लगाया जाएगा, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा और बूथ स्तर तक सांगठनिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए सेवा कार्य एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा आज कार्यकर्ताओं के समर्पण से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक

- भाजपा स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने भिलाई भाजयुमो ने कसी कमर

पार्टी बनी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जनसंघ के विचारों और अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रवादी नेतृत्व की विरासत को हमें बूथ स्तर तक पहुंचाना है। सौरभ जायसवाल ने कहा कि स्थापना दिवस हमारे लिए गौरव का उत्सव है। भिलाई युवा मोर्चा इस बार न केवल शक्ति प्रदर्शन करेगा, बल्कि रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस दिन को यादगार बनाएगा।

# जामुल में दो जगहों पर बनेगा बैडमिंटन कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यो का भूमिपूजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

- करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

स्वागत भाषण में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए जामुल में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक कोर्सेवाडा के सहयोग और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रथम तल निर्माण 66 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण 19 लाख रूपये, रावण भाठा में 100 फीट तिरंगा झंडा लगाने 20 लाख रूपये, वार्ड 20 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण 12 लाख रूपये, वार्ड 14 में बैडमिंटन कोर्ट 12 लाख रूपये, वार्ड 20 में एसएलआरएम सेंटर निर्माण में 25 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लांटेशन कार्य में 28 लाख रूपये का लोकार्पण किया गया। 15 वें वित्त आयोग राज्य प्रवर्तित योजना, अधो संरचना मद से 7 करोड़ रूपये का भूमि पूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने जामुल समेत प्रदेश भर में हो रहे विकास कार्यों के साथ नक्सल मुक्त भारत, नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ पर अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता कर रहे खादी , ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने युवाओं में जोश भरते हुए समय में विकास कार्यों के लिए और अधिक तैयारी करने के साथ सबको साथ मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। समारोह में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, रेखराम बंछोर, दीपक गुप्ता, सीमा यादव, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू,हेमंत देवांगन, नटवर ताम्रकार, हरीश वर्मा, यशवंत राजपूत, अनिता साहू, संजय शर्मा, दुर्योधन साहू, अश्वनी यादव, सोनु यादव, चंद्रप्रकाश मांडले, अनवर, मीर अली, लक्ष्मी वर्मा, अनुप राय, राजेश्वरी रेड्डी, राजेश वर्मा, जितेन्द्र साहू, मनीष साहू, आशा जंघेल, हरिश साहू, मोहन वर्मा, मेघनाथ सोनी आदि मौजूद थे।



# सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

दुर्ग। औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में भाजपा के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 132 वें संस्करण को सुना। चारो बूथ के पदाधिकारियो ने मन की बात प्रभारी मुकेश मांडले अध्यक्ष सेवा सहकारी समिमि नगपुरा एवं कार्यक्रम अतिथि मोहन ठाकुर बोरई मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के विशेष उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद तय किया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ता काम करेंगे। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य रामखिलावन यादव, मंडल कार्यसमिति सदस्य व सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पुष्पा सिंह, मंडल कार्यसमिति सदस्य देवप्रसाद साहू, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा चमन यादव, रुपेश कुमार यादव, गरीबाराम तांडी, त्रिभूवन वैष्णव , राजकुमार शर्मा, भागवानी साहू, अनूप यादव, लव कुमार ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### रिसाली निगम का ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत



भिलाई। रिसाली निगम में कार्यरत एक ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का नाम रोशन देवांगन बताया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक रोशन रिसाली क्षेत्र में बिजली सुधार काम कर रहा था। इस दौरान वह बिजली तारों के चपेट में आया गया, और करंट लगने से मौत हो गई।

# सांसद पर टिप्पणी के विरोध में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी का विरोध किया है। इसे लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने पुलिस को सौंपे पत्र में बताया कि ग्राम फुंडा पाटन निवासी एक युवक ने सार्वजनिक रूप से सांसद के विरुद्ध बेहद अशोभनीय और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया और न्यूज चैनल के माध्यम से प्रसारित हुआ है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। एक जन प्रतिनिधि के विरुद्ध इस तरह की टिप्पणी न केवल गरिमा के खिलाफ है, बल्कि यह उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है। यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। भाजयुमो ने मांग की है कि वीडियो साक्ष्य के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिकेत यादव, प्रिया साहू, उल्लेख साहू, उमंग ताम्रकार, राहुल देवांगन, अब्दुल्ला कुरैशी उपस्थित थे। इस मामले में पाटन पुलिस ने आरोपी गौरव वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज किया।



# युवती का नियुक्ति पत्र निकला फर्जी

भिलाई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल, जे.पी. नगर कैम्प-2 में फर्जी संविदा नियुक्ति आदेश का मामला सामने आया है। एक अभ्यर्थी जब नियुक्ति पत्र लेकर स्कूल में ज्वाइनिंग के लिए पहुंची, तभी पता चला कि यह आदेश नकली है। फिलहाल जांच में यह नियुक्ति आदेश पूरी तरह नकली पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल की प्रिंसिपल सुधा कुर्रे के मुताबिक श्वेता कौर नामक एक अभ्यर्थी नियुक्ति आदेश के साथ ज्वाइनिंग के लिए स्कूल पहुंची थी। दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने पर कई गंभीर खामियां सामने आई। नियुक्ति पत्र में पद का स्पष्ट उल्लेख नहीं था, उसका प्रारूप फार्मेट था। कई अन्य तथ्य संदिग्ध पाए गए। घटना की जानकारी डीईओ दुर्ग को दी और संबंधित दस्तावेज साझा किया गया। जांच में ही यह स्पष्ट हो गया कि यह फर्जीवाड़े का मामला है। शिकायत पुलिस से की गई है।

# नंदिनी थाना प्रभारी को एसएसपी ने किया सस्पेंड

भिलाई। लंबे समय एनडीपीएस, सट्टा, जुआ के खिलाफ उदासीनता बरतने पर एसएसपी विजय अग्रवाल ने नंदिनी थाना प्रभारी भानुप्रताप साव को निलंबित कर दिया है। उनकी जगह पर डीएसपी मोनिका पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि दुर्ग पुलिस नशे, जुआ, सट्टा को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके कारण इस्पात नगरी में नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है। कार्रवाई को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# हाइड्रोपोनिक गांजा समेत दो गिरफ्तार

भिलाई। हाइड्रोपोनिक गांजा समेत दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम के पास, रुआबांधा भिलाई क्षेत्र में गांजा को अवैध रुप में बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची और मोंगरा 101 फेस बी, तालपुरी भिलाई निवासी विक्रम साहू, एमआईजी 1/982, हुडको यश विश्वकर्मा को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने 2 किलोग्राम गांजा 1 लाख, 2.3 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा 10 हजार, चिलम, रोलिंग पेपर (गोगो पेपर), लाईटर, सिगरेट एवं बीड़ी, मोबाइल और 40 हजार नगदी जब्त किया गया।

## महापौर अल्का ने किया लुचकी तालाब का निरीक्षण

# दुर्ग शहर के सभी तालाबों में चलेगा सफाई अभियान, कब्जाधारियों से वसूला जाएगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के सूखते तालाबों को सहेजने के लिए निगम ने अभियान शुरू किया है। इसके अंतर्गत सभी तालाबों की सफाई कराई जाएगी। शनिवार को महापौर अल्का बाघमार ने लुचकी तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को तालाब सफाई को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिया। मौके पर दो कारोबारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। दोनों पर 4 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। महापौर सुबह शहर के प्रमुख जलस्त्रोत लुचकी तालाब पहुंची थीं। निरीक्षण के दौरान तालाब की साफ-सफाई, गहरीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद जितेंद्र ताम्रकर, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता विनोद मांझी, सफाई दरोगा सुरेश भारती, मनोहर शिंदे सहित अन्य मौजूद थे।



### तालाब शहर की धरोहर, इसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी

महापौर ने तालाब के चारों ओर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और लुचकी तालाब के समग्र विकास हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह तालाब शहर की महत्वपूर्ण धरोहर है, जिसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर पर्यावरण और सुविधाएं मिल सके। निरीक्षण के दौरान गुजराती धर्मशाला के समीप वार्ड क्रमांक 8 में भवानी ट्रेडर्स द्वारा दुकान के बाहर सड़क सीमा क्षेत्र में रेत और गिट्टी रखकर व्यवसाय किए जाने पर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को 3,000 रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

## दो लोगों पर 4 हजार का लगाया जुर्माना, आगे भी होगी जांच

### नाली के ऊपर रखा था कबाड़ का सामान, जुर्माना

इसी तरह नाली के ऊपर कबाड़ सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वाले आबिद कबाड़ी के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए 1,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। महापौर ने स्पष्ट कहा कि बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रखें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026



## प्रतिबंध के बाद भी उड़ रही प्लास्टिक कन्फेटी, शोभायात्रा, रैलियों और बारात में हो रहा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जिले में प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक कन्फेटी का इस्तेमाल खुलेआम जारी है। रैली, शोभायात्रा और बारातों में धड़ल्ले से कन्फेटी उड़ाई जा रही है, जबकि इस पर सख्त रोक लगाने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। नियमों की अनदेखी इस कदर हो रही है कि प्रशासन की कार्रवाई अब सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रही है। हाल ही में शहर और आसपास के क्षेत्रों में निकली शोभायात्राओं और बारातों में कन्फेटी का बड़े पैमाने पर उपयोग हुआ। आयोजन के दौरान सड़कों पर प्लास्टिक कन्फेटी की परत बिछ गई। तेज हवा चलने पर यह कचरा सड़कों से उड़कर दुकानों, घरों और गलियों तक पहुंच गया, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि दिनभर दुकान साफ करने के बावजूद कन्फेटी बार-बार उड़कर अंदर आ जाती है। वहीं राहगीरों को भी गंदगी और फिसलन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई जगहों पर कन्फेटी नालियों में फंस गई है, जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है और जलभराव की स्थिति बनने लगी है।



### सफाई कर्मचारियों के लिए चुनौती

सफाई कर्मचारियों के लिए भी यह कचरा बड़ी चुनौती बन गया है। सामान्य कचरे के मुकाबले प्लास्टिक कन्फेटी को साफ करना ज्यादा मुश्किल होता है, क्योंकि यह हल्की होने के कारण हवा में उड़ती रहती है और एक जगह टिकती नहीं। इससे सफाई कार्य में समय और संसाधन दोनों ज्यादा लग रहे हैं। शहर में लगातार आयोजनों के दौरान कन्फेटी का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सख्ती नहीं दिख रही।



### तय किया गया था जुर्माना

दुर्ग निगम प्रशासन ने पहले ही कन्फेटी के उपयोग, बिक्री और भंडारण पर 5 हजार से 20 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान तय किया था। साथ ही कन्फेटी मशीन, ब्लोअर और शूटर जब्त करने की चेतावनी भी दी गई थी। बैंड पार्टी, डीजे और इवेंट कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी और आयोजकों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है।

पर्यावरण विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्लास्टिक कन्फेटी पर्यावरण को दूषित करने के साथ-साथ इसके सफाई में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**-जावेद अली**, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम भिलाई

### पार्थिवी इंजीनियरिंग मैनेजमेंट कॉलेज में था परीक्षा केन्द्र

## जेईई मेंस के एग्जाम में चप्पल के भीतर मोबाइल लेकर पहुंचा स्टूडेंट्स गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जेईई मेंस परीक्षा में एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया है। जिसका परीक्षा भिलाई तीन स्थित पार्थिवी इंजीनियरिंग मैनेजमेंट कॉलेज में चल रही था। भिलाई तीन पुलिस के के मुताबिक छात्र का नाम मकान नंबर 11 मस्तान पारा सुकमा निवासी आदित्य कुमार है। छात्र अपनी चप्पल के भीतर मोबाइल छिपाकर परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने का प्रयास किया था। जिसे गार्ड ने पकड़ लिया। छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। गुरुवार को पार्थिवी इंजीनियरिंग कॉलेज (आईओन डिजिटल जोन) में जेईई मेंस की पहली पाली की परीक्षा चल रही थी। छात्र आदित्य कुमार सुबह करीब 8:25 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा। मुख्य गेट पर चेकिंग के दौरान उसने चालाकी दिखाते हुए अपनी चप्पलें पहले ही उतार दिया। जिससे मेटल डिटेक्टर की जांच में वह न पकड़ा जाए।



आदित्य लैब नंबर 12 में जाकर अपनी सीट पर बैठ गया और सुबह 9 बजे से पेपर देना शुरू कर दिया। परीक्षा के दौरान सुबह करीब 11:08 बजे आदित्य ने बायो-ब्रेक (वॉशरूम जाने) की अनुमति मांगी। 20 मिनट तक बाहर रहा। जब वह 11:28 बजे वॉशरूम से वापस आया, तो सुरक्षा गार्ड ओमेंद्र कुमार ने उसकी दोबारा जांच की। आदित्य ने चालाकी दिखाई और जांच से पहले ही अपनी चप्पलें दूर उतार दिया। जांच के बाद जैसे ही उसने चप्पल पहनी और लैब की तरफ बढ़ने लगा, गार्ड की नजर उसकी चाल पर पड़ी। वह अपनी चप्पलों को जमीन पर घसीटकर अजीब तरीके से चल रहा था। गार्ड को उसकी हरकत संदिग्ध लगी। जिसके बाद उसने छात्र को रोककर उसकी चप्पलों की बारीकी से जांच किया। जब गार्ड ने चप्पल चेक की तो उसमें मोबाइल मिला। छात्र ने चप्पल के तलवे को बीच से काटकर उसमें मोबाइल रखने के लिए जगह बनाई थी। चप्पल के अंदर मोबाइल पूरी तरह छिपा हुआ था। सूचना कॉलेज के वेन्यू कमांडिंग ऑफिसर अजीत वर्मा और एनटीए के अधिकारियों को दी गई।

### मौके पर पहुंची डॉयल 112 हिरासत में लिया गया

खबर लगने पर भिलाई तीन पुलिस की टीम और डॉयल 112 पहुंच गया। छात्र आदित्य को तुरंत हिरासत में लेकर थाने पहुंची। कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने छात्र से मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस के पहुंचते ही कालेज परिसर सनसनी फैल गई, परीक्षा दिलाने पहुंचे अन्य छात्रों का भी दोबारा चेकिंग किया गया।

## टेस्टिंग में लापरवाही... सुपेला मार्केट में भरा पानी



**भिलाई।** तस्वीर शनिवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे सुपेला मार्केट की है। नई पानी की टंकी की टेस्टिंग के लिए वॉल्व खोला गया, जैसे ही वॉल्व खोला गया, पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी सब्जी मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में भरा गया। पानी घुटनों तक जमा हो गया, यहां तक लोगों के घरों में घुस गया। दुकानदारों ने बताया कि यह सीधे तौर पर लापरवाही है, जब तक वॉल्व को बंद किया जाता, लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह चुका था। इससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हुई। लोग बिन बरसात बाढ़ को देखकर भौचक रह गए। दो घंटे बाद निगम के अधिकारियों ने लीकेज लाइन का मेंटेनेंस किया। इसके बाद बाद की निकासी हो सकी।

## धारदार हथियार लेकर घूमने वाला पकड़ागया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ढीमर पारा वार्ड 32 दुर्ग निवासी ललित ढीमरने पुलिस में शिकायत किया है मोहल्ले का रहने वाला आरोपी मनोज ढीमर रंजीश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार से चेहरे पर हमला कर चोट पहुंचाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने लोहे का धारदार चापड़ जब्त किया है। घटना दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना है।

NALANDA
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
KURUD, BHILAI
WE ARE HIRING
Applications are invited from eligible candidates for the following posts
Candidates who studied in English Medium can only apply
PGT
Sub. : ENGLISH, Post- 1
M.A (English) B.Ed
Min. 3 years of exp.in a CBSE School
TGT
Sub. : CHEMISTRY
M.Sc. (Chemistry) B.Ed
Min. 3 years of exp. in a CBSE School
Sub. : SANSKRIT
M.A (Sanskrit) B.Ed
Min. 3 yrs of exp. In a CBSE School
PRT
Sub. : EVS & MATHEMATICS
B.Sc. / M.Sc., B.Ed
Min. 2 years of exp. in a CBSE School
MOTHER TEACHER
(Pre Primary)
Sub. : ALL SUBJECTS
BA / B.Sc./B.Com, B.Ed, D.El.Ed.
OR NTT Certification is mandatory
Min. 2 years of exp. in a CBSE School
"Eligible and interested candidates may submit their full resume along with self-attested copies of certificates and experience certificates with prescribed Application Form available on school reception during school hours 09.00 am to 05.00 pm.
School website – www.nalandakurud.in and Mail ID- nalandaschool.kurud@gmail.com"






## खबर संक्षेप

### कथा का समापन 7 को



भिलाई। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पुरैना भिलाई में 1 अप्रैल से जारी है जिसका समापन 7 अप्रैल को होगा। जिसके कथावाचक पं. हरीश उपाध्याय है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



अंडा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रायपुर मुख्यमंत्री निवास पहुंच पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने बालोद जिला साहू समाज के जिला स्तरीय साहू समाज कर्मा जयंती में शामिल होने आमंत्रित किया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने साहू समाज के सामाजिक कार्यक्रम ने शामिल होने बालोद आने का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी समय तय नहीं किए है। साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रमशिला साहू जी साथ कुशलक्षेम के साथ राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा भी हुई। रमशिला साहू के साथ बालोद जिला साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र साहू व तहसील,परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



सेलूद। ग्राम चुनकट्टा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा वाचन पंडित आचार्य आशुतोष वैष्णव द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस कलश यात्रा के पश्चात विधिवत वेदी पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद कथा के दौरान गोकर्ण महात्म्य की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

### चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाअधिवेशन आज

सेलूद। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय चंद्राकर समाज के गौरव एवं एकता को सशक्त बनाने के लिए 56 वॉ विशाल महा अधिवेशन का आयोजन 5 अप्रेल को जामगांव एम में किया जा रहा है। उपक्षेत्र जामगांव एम के अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने बताया कि इस महाधिवेशन में हमारे बीच प्रदेश के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों में प्रथम सत्र में मुख्यातिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता दुर्ग राज के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष विधायक दुर्ग ग्रामीण सहित अन्य अतिथिगण रहेंगे। वही द्वितीय सत्र में मुख्यातिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एव विधायक पाटन, अध्यक्षता प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष दुर्गराज, एव अन्य सामाजिक पदाधिकारी एव जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थित रहेंगे। चंद्राकर ने बताया कि यह महाअधिवेशन समाज के संगठन, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान एवं आर्थिक उन्नति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा।

# समाज को शिक्षा, स्वच्छता और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने की अपील

## कर्मा जयंती सामाजिक एकता और विकास का देता है संदेश : पूर्व मंत्री रमशीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



कर्मा जयंती के पावन अवसर पर आयोजित समारोह में महिला सरपंच ने समाजजनों को संबोधित करते हुए एकता, शिक्षा और विकास का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छग शासन, विशेष अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, रमशीला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री छग शासन, अध्यक्षता दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच ग्राम आमटी, विशेष अतिधि नंदलाल साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग साहू समाज, पुसऊ राम साहू तहसील अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज दुर्ग, रमेश साहू पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष छग साहू समाज, रामकिसुन साहू कार्यकारिणी सदस्य छग प्रदेश साहू समाज, सुनील साहू अधीक्षक कर्मा छात्रावास, लीलावती रूपेश देशमुख जनपद सदस्य निकुम, दामिनी साहू जनपद सदस्य भोथली, सुरेश साहू अध्यक्ष महा विद्यालय निकुम एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज उपस्थित थे। समाज प्रमुखों, माताओं, बहनों और युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह हमें पूर्वजों के मूल्यों, उनके संघर्ष, मेहनत और समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम एवं ग्रामीण साहू समाज आमटी को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शोभा यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अतिथि स्वागत जैसे आयोजन किए गए, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। महिला सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से शिक्षा, एकता और आपसी सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि समाज की उन्नति इन्हीं मूल्यों पर निर्भर करती है। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को समाज का भविष्य बताते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में उन्होंने सभी से मिलकर गांव और समाज को शिक्षा, स्वच्छता और विकास के मार्ग पर अग्रसर करने का आह्वान किया तथा कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं।

## नियमित सफाई सुनिश्चित करने और नल-जल योजना को लागू करने की मांग

# गोबरा में सफाई की अनदेखी, बजबजाती नालियों से ग्रामीण परेशान, संक्रामक बीमारियों का खतरा

### ग्रामीण नालियों में बाल्टी रखकर पीने का पानी लेने को मजबूर, शिकायत का असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा






विकासखंड धमधा की ग्राम पंचायत गोबरा इन दिनों भारी अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनती जा रही है। शासन द्वारा ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन गोबरा पंचायत में इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत द्वारा नियमित रूप से टैक्स और स्वच्छता शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद गांव में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। सड़कों पर कचरे के ढेर और नालियों में जमी गंदगी यह स्पष्ट करती है कि स्वच्छता अभियान केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित रह गया है।

गांव में बढ़ती गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा ग्रामीणों पर मंडरा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के बीच यह स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई है।

पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत कार्यालय नियमित रूप से नहीं खुलता। लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन अक्सर कार्यालय बंद मिलता है। जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं 'हर घर नल से जल' के उद्देश्य से चलाई जा रही नल-जल योजना भी यहां विफल नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कई लोग अस्वच्छ स्थानों के पास से पानी लेने को मजबूर हैं।

मनरेगा के तहत रोजगार और विकास कार्यों के दावों पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो उन्हें पर्याप्त रोजगार मिल रहा है और न ही विकास कार्य सही तरीके से हो रहे हैं। यदि नियमित रूप से सफाई और नाली निर्माण जैसे कार्य किए जाते, तो गांव की स्थिति बेहतर हो सकती थी। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की कमी का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि योजनाओं के लिए राशि तो स्वीकृत होती है, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं होता। न तो कार्यों की निगरानी होती है और न ही जवाबदेही तय की जाती है। गोबरा पंचायत की वर्तमान स्थिति प्रशासनिक उदासीनता और कमजोर क्रियान्वयन को उजागर करती है। यह उन दावों पर भी सवाल खड़े करती है, जिनमें गांवों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की बात कही जाती है। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पंचायत व्यवस्था सुधारने, नियमित सफाई सुनिश्चित करने और नल-जल योजना को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की है।

# तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर तहसील साहू संघ पाटन, परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर एवं इकाई साहू समाज भरर के संयुक्त नेतृत्व में 99 इकाइयों एवं पांचों परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं पुरुषों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुटता का संकल्प लिया।

- 99 इकाइयों एवं पांचों परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि आप सभी की एकता ही इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सदस्य द्वारा 5 किलो चावल एवं 50 की सहयोग राशि से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने 99 इकाइयों एवं पांचों परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 25 अप्रैल को 1010 कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात महिला सम्मेलन एवं तेल-माटी, चूलमाटी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 अप्रैल को भक्त माता कर्मा की महाआरती, बारात स्वागत, अतिथि आगमन एवं सामूहिक विवाह संपन्न होंगे। इसके बाद सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जिला महासचिव अश्वनी साहू, तहसील महासचिव महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष डूलेश्वर साहू, विमला साहू, संगठन सचिव भुनेश्वर साहू, पूर्व अध्यक्ष गंगादीन साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पारखत साहू, टेसराम साहू, राम नारायण साहू, किशन हिरवानी, भानुप्रिया साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष, देवकुमार साहू, स्थानीय अध्यक्ष परमानंद साहू, बेनी राम साहू, अंगेश्वर साहू, भुवन साहू, योगेश साहू, महेश साहू, चेतन साहू, जागेश साहू, रामकुमार साहू, चूमेंद्र साहू, शेषणारायण साहू, केशव साहू, दानी राम साहू, खेलो साहू, छबि लाल साहू, ललित साहू, सुदर्शन साहू, दुलारी साहू, भाषण साहू, लुकेश्वरी साहू, मंच साहू, ललिता साहू आदि उपस्थित थे।

### भरर में सामूहिक आदर्श विवाह का लगेगा महाकुंभ

जामगांव (आर) के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पारखत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भरर में आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें 99 इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने सभी से पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। यह आयोजन 25 एवं 26 अप्रैल को भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह महाकुंभ के रूप में मनाया जाएगा, जो समाज के लिए गौरव का विषय है। बैठक को जिला साहू संघ के महासचिव अश्वनी साहू, तहसील महासचिव महेंद्र साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ-साथ सामूहिक विवाह के लिए वर-वधू पक्ष से सकारात्मक संवाद करने की अपील की।

# जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा में उठे पाटन के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/दुर्ग



जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने क्षेत्र से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर तीखे सवाल उठाए। बैठक में जल संसाधन, जल जीवन मिशन, उद्योग, सीएसआर निधि और स्वच्छता सर्वेक्षण जैसे अहम विषय प्रमुखता से उठाए गए।

- नहर, स्टॉप डेम एवं तालाब निर्माण/मरम्मत कार्यों की वास्तविक स्थिति जानना चाहा अध्यक्ष नायक ने

अध्यक्ष ने जल संसाधन विभाग से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में किए गए नहर, स्टॉप डेम एवं तालाब निर्माण/मरम्मत कार्यों की वास्तविक स्थिति, खर्च और क्रियान्वयन पर सवाल उठाए। जामगांव (एम) स्थित हर्बल निष्कर्षण एवं आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई को लेकर उन्होंने पूछा कि शुभारंभ के समय स्थानीय हजारों युवाओं को रोजगार देने की जो घोषणा की गई थी, क्या अब तक कितनों को रोजगार मिला? सीएसआर निधि के उपयोग पर उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि कुल राशि का वास्तविक उपयोग किन क्षेत्रों में किया गया और पाटन विकासखंड को इससे क्या लाभ हुआ? स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मार्च 2026 में हुए सर्वेक्षण में जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर प्रक्रिया से दूर रखा गया, जो उनके विशेषाधिकार का गंभीर हनन है। अध्यक्ष कीर्ति नायक ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्य है। बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग, जिला पंचायत के सभापति एवं सदस्यगण, जनपद पंचायत पाटन, दुर्ग एवं धमधा के अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बैठक में शामिल हुए।



# संगठन सृजन अभियान को मिली गति बूथ और पंचायत कमेटी गठन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को मजबूती देने का कार्य लगातार जारी है। जिला, ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों के गठन के बाद अब बूथ और पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही निकाय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर भी कमेटियां गठित की जाएगी। इसी क्रम में धमधा रेस्ट हाउस में कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला महामंत्री एवं ब्लॉक कांग्रेस धमधा के प्रभारी प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति रही। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जाकर बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों में जिला के पदाधिकारियों, ब्लॉक के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सेक्टर अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि संगठन को व्यापक स्तर पर मजबूत किया जा सके। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सक्रिय रूप से भाग लेकर संगठन सृजन अभियान को सफल बनाएं और कांग्रेस को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक में जिला महामंत्री व धमधा ब्लाक काँग्रेस के प्रभारी प्रकाश ठाकुर, जिला प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, संतलाल बंजारे, दानेश्वर साहू, हिम्मत ढीमर, राजेश मानिकपुरी, अघ्नु पाल, बंटी वैष्णव, मण्डल अध्यक्षगण अरुण साहू, धर्मेन्द्र साहू, जितेन्द्र वर्मा, संगीता, परमेश्वर यादव, देवेन्द्र चंदेल, रेवा बंजारे, योगेश साहू, जीवन निर्मलकर, मधुसूदन राणा, पप्पू, भारत भूषण सोनवाने, कामदेव साहू, सेक्टर अध्यक्षगण सुमंत ताम्रकार, श्रवण साहू, त्रिलोकी पटेल, अनिल साहू, बुधराम साहू, टीकाराम उमरे, रोमन पटेल, ज्वाला साहू, दुखवा मरार, लुमेश्वर पटेल, बिसाहू वर्मा, रामचन्द्र जंघेल, अमित पाण्डे, उत्तम साहू, रामकुमार पटेल, रामजी पटेल , त्रिलोकी पटेल, निक्की राजपूत, हरख साहू, चेतन कश्यप, अशोक वर्मा, निकेश यदु, पुकेश्वर हरमुख आदि उपस्थित थे।

## अछोटी और निकुम में लोकार्पण व भूमिपूजन

# मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अछोटी और निकुम में विधायक ललित चंद्राकर ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इन कार्यों से सड़क, पेयजल, स्वच्छता, सामुदायिक भवन व व्यावसायिक परिसर जैसी आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी।

ग्राम अछोटी में साहू पारा में डोमशेड निर्माण 12 लाख रुपए, मंडी बोर्ड योजना अंतर्गत व्यावसायिक परिसर निर्माण 17.50 लाख, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत सतनाम भवन निर्माण 6.50 लाख, सीसी रोड निर्माण 5.20 लाख, सतनाम भवन में बोर खनन और हैंडपंप स्थापना 1.50 लाख, बस्ती पारा में बोर खनन और हैंडपंप स्थापना 1.50 लाख, भाटापारा की विभिन्न गलियों में नाली निर्माण 3.93 लाख और खिलेंद्र निर्मलकर घर से खोरबाहरा साहू घर तक सीसी रोड निर्माण 3.10 लाख रुपए के निर्माण कार्य किए जाएंगे। वहीं ग्राम निकुम में अटल पारा में सीसी रोड निर्माण 2.60 लाख रुपए, डोम शेड निर्माण 19.60 लाख रुपए से निर्माण कार्य कराए जाएंगे। कुल लागत राशि 73.43 लाख रुपए हैं।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल और सामुदायिक भवनों के ये कार्य जनसुविधा के साथ-साथ गांवों की आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों को भी गति देंगे।दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगा । इस अवसर पर सरपंच झन्ना दिल्लीवार, निकुम सरपंच भागवत राम पटेल, जनपद सदस्य बेला यादव, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, पुराण देशमुख, डीलेश साहू, राजेश चंद्राकर, लोमश चंद्राकर, सरपंच भुवनलाल देशमुख, नोवेश्वर पिपरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-



श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटनों के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



लाइव इवेंट

## महापौर को सद्भावना भोकवाधिराज और डॉ. राजन को मिला जोजवानंद अलंकरण



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिला हिंदी साहित्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे को समर्पित सदभावना साहित्य समागम का आयोजन पदनाभपुर स्थित आशीर्वाद भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार को सदभावना भोकवाधिराज अलंकरण तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजन यादव को जोजवानंद अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस दौरान महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि हास्य-व्यंग्य और साहित्य-संस्कृति सभ्य सामाजिक जीवन के लिए एक प्रभावी मानसिक उपचार का कार्य करते हैं। उन्होंने सदभावना संस्था द्वारा पिछले 16 वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। वहीं डॉ. राजन यादव ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियों और ऐसे आयोजनों को सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए, जिससे साहित्यिक परंपराओं को और मजबूती मिल सके। कार्यक्रम के संयोजक राजीव अग्रवाल ने कहा कि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से देश-विदेश में छत्तीसगढ़ की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह साहित्य समागम उन्हें स्मरण करने का एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान भी प्रदान किए गए। सतीश पांडेय को डॉ. सुरेन्द्र दुबे स्मृति साहित्य साधना सम्मान, डॉ. पालेश्वर शर्मा स्मृति सदभावना सेवा सम्मान, डॉ. बीना रागी को तथा दाऊ मनहरण लाल अग्रवाल स्मृति सदभावना समाजसेवा सम्मान से दीपक बंसल को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बलदाऊ साहू, राजेंद्र मौर्य ने भी साहित्य समागम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन इरशाद बिलासपुरी और आभार प्रदर्शन राकेश रूसिया ने किया। इस अवसर पर महिला संयोजिका अल्का अग्रवाल, सुभाष राहतगांवकर, चंद्रकांत साहू, विक्रम सिंह, दशरथ ठाकुर, राजनारायण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

लाइव इवेंट

## सुमधुर भजनों और गीतों से वातावरण हुआ भक्तिमय, हुआ महाभंडारा



**भिलाई।** गणपति विहार कॉलोनी बोरसी में सुंदरकांड पाठ सहित कई धार्मिक आयोजन आयोजित किये गए। इस दौरान हनुमान जयंती उत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलोनी के पंच देवालय में पूजा पाठ के लिए तांता लगा रहा। दोपहर में भक्ति महिला समिति के द्वारा सुंदरकांड का पाठ और भजन का कार्यक्रम किया गया। कॉलोनी की महिलाओं द्वारा सुमधुर भजनों और गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसके बाद शाम को शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। जिन स्थानों से शोभायात्रा निकली वहां जगह जगह पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। शाम को महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में काफी संख्या में कॉलोनी वासी शामिल हुए। उत्सव समिति के अध्यक्ष ए के रथ और रेजिडेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार जोशी ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

## 10 से 14 अप्रैल तक मनाई जायेगी संविधान निर्माता की जयंती

**दुर्ग।** बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्सव समारोह 10 से 14 अप्रैल तक 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पांच दिवसीय आयोजन की शुरूआत पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर किया जायेगा। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसी क्रम में दूसरे दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक बौद्ध महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और 7 बजे क्रांतिवीर महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती उत्सव समारोह मनाया जायेगा। तीसरे दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से बौद्ध महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 7 बजे से तथागत म्यूजिकल ग्रुप भिलाई द्वारा बुद्ध भीम गीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। इस दौरान दुर्ग महापौर अलका बाघमार शामिल होंगी। चौथे दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक बौद्ध महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े उपस्थित रहेंगे। आयोजन के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह 9 बजे पंचशील ध्वजारोहण, साढ़े 9 बजे डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, सुबह 10 बजे से बुद्ध विहार शंकर नगर दुर्ग में सामूहिक बुद्ध, धम्म, संघ, वंदना की जायेगी। दोपहर 2 बजे पूर्व विधायक अरुण वोरा द्वारा नीली झंडी दिखाकर रैली का शुरूआत की जायेगी। यह रैली बुद्ध विहार शंकर नगर से प्रारंभ होकर आमा पारा पानी टंकी, आईएमए चौक होते हुए ग्रीन चौक, गुरुद्वारा, सिंधी कॉलोनी,राजेंद्र पार्क ,बस स्टैंड होते हुए पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, पोलसाय पारा होते हुए बुद्ध विहार प्रांगण में रैली का समापन होगा।

## डीपीएस स्कूल दुर्ग में अनोखी पहल, किताबी पढ़ाई के साथ नैतिक जिम्मेदारी पर जोर

# बच्चों ने थामा झाड़ू

## श्रमदान कर विद्यार्थियों ने दिया जिम्मेदारी का संदेश

**भिलाई।** बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में दुर्ग के डीपीएस स्कूल ने एक सराहनीय पहल की। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान छात्रों ने न सिर्फ खुद झाड़ू उठाकर परिसर को साफ किया, बल्कि दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। बच्चों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करना और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराना रहा। इस दौरान विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों की साफ-सफाई की गई। विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पुनीता नेहरू और शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने न केवल परिसर को स्वच्छ बनाया, बल्कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया। अभियान का संयोजन सीनियर मास्टर आर.सी. द्विवेदी और गतिविधि प्रभारी सीमा सिंह ने किया।

### प्रतियोगिताओं में दिखी रचनात्मकता

अभियान के दूसरे चरण में विभिन्न कक्षाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा 6 वीं और 7 वीं के विद्यार्थियों ने हमारा विद्यालय हमारी जिम्मेदारी विषय पर कोलाज तैयार किए। कक्षा 8वीं के छात्रों ने स्वच्छ पर्यावरण में मेरी भूमिका विषय पर चित्रांकन और रंग भरने में अपनी रचनात्मकता दिखाई। कक्षा 9वीं और 10 वीं के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति हमारी जिम्मेदारी विषय पर निबंध लिखे, जबकि कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओ ने स्वच्छता अभियान पर रिपोर्ट लेखन कर अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इन गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम प्रेरणादायक और सफल रहा।




### स्वच्छता आदत बने, तभी बदलाव संभव- पुनीता नेहरू



डीपीएस दुर्ग में आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यालय की निदेशिका पुनीता नेहरू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवन की निरंतर आदत होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक स्वच्छता को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं है। पुनीता नेहरू ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे उनमें अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज के प्रति जागरूकता विकसित होती है, जो उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



### स्वच्छता से ही बेहतर कल



कक्षा 7 वीं का छात्र अर्षीत सिंह सैनी ने कहा कि हमारा स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। अगर हम अपने घर को साफ रखते हैं, तो हमें अपने स्कूल को भी उतना ही साफ रखना चाहिए। कचरा हमेशा डस्टबिन में डालें।

### हमारा स्कूल, हमारी जिम्मेदारी



कक्षा 12 वीं की छात्रा हर्षि पिलोदिया ने कहा कि साफ-सफाई सिर्फ एक काम नहीं, हमारी जिम्मेदारी है। अगर हम अपने आसपास साफ-सफाई रखेंगे, तो हम बीमारियों से भी दूर रहेंगे और अच्छा वातावरण भी मिलेगा। स्कूल हो या घर, हर जगह हमें स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

### जिम्मेदार नागरिक बनें



कक्षा 12वीं के छात्र दक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि साफ-सफाई हमारी रोज की आदत होनी चाहिए। अगर हम अपने आसपास स्वच्छता रखेंगे, तो हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और वातावरण भी सुंदर बनेगा। कचरा कभी भी इधर-उधर न फैलाएं, हमेशा डस्टबिन का ही उपयोग करें।

### स्वच्छता में ही सुंदरता




12 वीं छात्रा चाक्षुस टेंभरे ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का बहुत जरूरी हिस्सा है। जब हमारा आसपास साफ रहता है, तो हमें अच्छा महसूस होता है और हम स्वस्थ भी रहते हैं। हमें कभी भी कचरा इधर-उधर नहीं फैलाना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

## बरेली में हुई 54वीं राष्ट्रीय हैंडबाल वुमेन प्रतियोगिता में दिशा ने जीता कांस्य पदक

**भिलाई।** 54वीं राष्ट्रीय हैंडबाल वुमेन प्रतियोगिता का आयोजन उत्तरप्रदेश के बरेली में फ्यूचर यूनिवर्सिटी एवं हैंडबाल एसोसियशन आफ इंडिया तत्वाधान में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक किया गया था। जिसमें भिलाई शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फार्मेसी की छात्रा दिशा बोस ने कांस्य पदक जीता।




54वीं राष्ट्रीय हैंडबाल वुमेन प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों एवं संगठन की टीमों ने हिस्सा लिया। हिमांचल प्रदेश ने प्रथम आकर स्वर्ण पदक जीता। छत्तीसगढ़ की दिशा बोस शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता, दिशा बोस स्कूल स्तर से हैंडबाल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई प्रसिद्ध प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है।उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा, कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट, फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. हेमंत बडवाईक ने बधाई दी है। विश्वविद्यालय के क्रीडा संचालक युवराज राउत ने दिशा की इस सफलता को उनके कोच के मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रोत्साहन को श्रेय दिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न खेलो की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ में भाग ले रही है।




## अम्बा शुक्ला को मिला माही संदेश नारी शक्ति सम्मान

**दुर्ग।** साहित्यिक और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली अंतरराष्ट्रीय मासिक पत्रिका माही संदेश परिवार द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग की बेटी अम्बा शुक्ला को माही संदेश नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।



समारोह में राजस्थान सहित देश के आठ राज्यों से आई महिलाओं को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रमुख सम्मानों में प्रेमा माथुर प्रेरणा पुरस्कार, माला माथुर नारी शक्ति सम्मान, तारा देवी नारी शक्ति सम्मान तथा एलिजाबेथ जरीन नारी शक्ति सम्मान 2026 शामिल रहे। अम्बा शुक्ला लंबे समय से सामाजिक और साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं को निरंतर प्रोत्साहन और सम्मान मिलना चाहिए, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़े ।

### गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-2 की क्लासमेट के लिए रहा भावनाओं से भरा

कार्नर न्यूज

## 35 साल बाद मिला बचपन, सहेलियों ने स्कूल के दिनों को किया याद, री-यूनियन में खिल उठे चेहरे

**भिलाई।** गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-2, भिलाई की पूर्व छात्राओं का 35 वर्षों बाद आयोजित रीयूनियन कार्यक्रम भावनाओं, यादों और खुशियों से सराबोर रहा। लंबे अंतराल के बाद एक-दूसरे से मिलने का यह अवसर सभी सहेलियों के लिए बेहद खास और अविस्मरणीय बन गया।

इस यादगार मिलन का आयोजन रीटा कुखरानियां द्वारा किया गया, जिनके प्रयास से वर्षों पुरानी दोस्ती फिर एक मंच पर जीवंत हो उठी। कार्यक्रम दुर्ग के रोमन पार्क में आयोजित हुआ, जहां का माहौल हंसी, उल्लास और भावनाओं से भरा नजर आया। जैसे ही सहेलियां एक-दूसरे से मिलीं, गले लगकर उन्होंने अपने स्कूल के दिनों को याद किया और कई की आंखें नम हो गईं।



### -बीते सुनहरे पलों को फिर से जीने का मिला अवसर

ग्रुप की गीता पांडे ने बताया कि करीब 35 साल बाद मिले इस समूह ने बचपन की यादों को ताजा करते हुए जमकर मस्ती की। किसी ने पुराने किस्से सुनाए, तो किसी ने शरारतों को याद कर ठहाके लगाए। गीत-संगीत और नृत्य के साथ पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। यह पल हम सभी के लिए सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि बीते सुनहरे पलों को फिर से जीने का अवसर था। इस दौरान कई महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि समय भले ही कितनी तेजी से क्यों न गुजर जाए, लेकिन सच्ची दोस्ती हमेशा दिलों में जिंदा रहती है। इस रीयूनियन ने सभी के दिलों में नई ऊर्जा और अपनापन भर दिया।

### एक बार फिर मजबूत हुई दोस्ती

ग्रुप की सदस्य प्रभा गुप्ता ने कहा कि यह रीयूनियन न सिर्फ यादों का संगम बना, बल्कि दोस्ती की मिठास और रिश्तों की गहराई को भी एक बार फिर मजबूत कर गया। कार्यक्रम में गीता पांडेय, रीटा कुखरानियां, कविता, राजश्री, सविता, अर्चना, गुरविंदर, सुधा, झूमा, कल्पना और प्रमिला प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने आयोजन के लिए रीटा कुखरानियां का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।



## खबर संक्षेप

### किराया बढ़ोतरी और लाइसेंस को लेकर सीनियर सिटीजन करेंगे आंदोलन

**भिलाई।** शनिवार को सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में सेवानिवृत कार्मिक कल्याण संघ भिलाई की बैठक हुई। इसमें किराया वृद्धि और लाइसेंस को लेकर चर्चा की गई। संघ के सदस्यों ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रबंधन की उदासीनता और जनप्रतिनिधियों के सवाल के प्रति प्रबंधन का चुप्पी साधना यह दर्शाता है कि प्रबंधन बढे.हुए किराया और लाइसेंस के प्रति अपना नकारात्मक रुख लगातार बनाए हुए है। डायरेक्टर इंचार्ज का घेराव से लेकर और उग्र आंदोलन किया जाना प्रस्तावित है। चुनाव में सभी जनप्रतिनिधि हमारे मुद्दे को हल करने का वादा कर वोट ले लेते हैं परन्तु अब ये नहीं होने देंगे। सभी सेवानिवृत कर्मचारी हैं और सीनियर सिटीजन हैं। इस उम्र के पड़ाव में जब सुकून से रहना चाहिए ऐसे समय पर बुजुर्गों को आंदोलन करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद ने कहा कि आंदोलन में सभी सदस्यों ने समर्थन दिया है। प्रबंधन ने रुआबंधा के खंडहरों को सेवानिवृत कर्मियों को आवंटन करने का वही पुराना सर्कुलर 1 अप्रैल को जारी कर सभी को भ्रमित करने की कोशिश की।

### पर्यावरण संरक्षण और जीरो वेस्ट की ओर रिसाली निगम, एक अप्रैल से किया लागू

# रिसाली निगम में थोक उत्पादकों के लिए ऑन-साइट प्रोसेसिंग हुआ अब अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रिसाली निगम पर्यावरण संरक्षण और जीरो वेस्ट के लक्ष्य की ओर बढ़ने लगा है। इस निगम ने केंद्र सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए ये नियम कचरा प्रबंधन की पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक और जवाबदेह बनाएंगे। नगर पालिक निगम रिसाली ने स्पष्ट किया है कि अब लैंडफिल यानी कचरा डंपिंग साइट पर निर्भरता कम कर चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें कचरे को चार श्रेणियों में बांटा गया है। नियमों के पालन की जांच के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। । रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि इन नियमों से नगर निकायों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ कम होगा और कचरा प्रबंधन में जन-भागीदारी सुनिश्चित होगी। यह पहल न केवल शहरों को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि कचरे से ऊर्जा और खाद बनाने की प्रक्रिया को भी गति देगी।



#### अब ये होंगे प्रबंधन की चार श्रेणियां

आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि कचरे को अब चार श्रेणियों में बांटना अनिवार्य किया गया है। ठोस अपशिष्ट यह घरों, कार्यालयों और दुकानों से निकलने वाला दैनिक कचरा है। इसमें प्लास्टिक, कागज, कांच, धातु और भोजन के अवशेष आदि शामिल होते हैं। तरल अपशिष्ट यह घरों, उद्योगों और व्यावसायिक गतिविधियों से निकलने वाला पानी या तरल पदार्थ है। उदाहरण के लिए, गंदा पानी, डिटर्जेंट युक्त पानी, या औद्योगिक रसायनों वाला तरल। खतरनाक अपशिष्ट यह कचरा स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक होता है। इसमें ज्वलनशील, संक्षारक या विषाक्त पदार्थ होते हैं, जैसे बैटरियां, पेंट, कीटनाशक, और पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण। कार्बनिक/जैविक अपशिष्ट यह रसोई के कचरे, फलों-सब्जियों के छिलके, बगीचे के सूखे पत्ते और पौधों के अवशेषों से बनता है। इसे खाद में बदला जा सकता है।

#### बायोमेडिकल वेस्ट का ऐसा होगा प्रबंधन

आयुक्त वर्मा ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को बायोमेडिकल वेस्ट के रूप में भी जाना जाता है। थोक अपशिष्ट उत्पादकों के नए नियमों के दायरे में 20,000 वर्ग मीटर से बड़े भवन, प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न करने वाली इकाइयां और बड़े संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों की जिम्मेदारी है कि ऑन-साइट प्रोसेसिंग अंतर्गत गीले कचरे का निपटान संस्थान के भीतर ही करना अनिवार्य होगा। यदि मौके पर प्रसंस्करण संभव नहीं है, तो 'विस्तारित उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र' प्राप्त करना आवश्यक होगा। अपशिष्ट प्रबंधन अब केवल सफाई का मुद्दा नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**कचरा फेंकने पर लगेगा शुल्क**



नए नियम 'अपशिष्ट सोपनिकी' के सिद्धांत पर आधारित हैं, जिसमें कचरे के सुरक्षित निपटान से पहले उसके पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी गई है। अब केवल वही कचरा लैंडफिल में जाएगा जिसका पुनर्चक्रण संभव नहीं है। छटाई रहित कचरा फेंकने पर भारी लैंडफिल शुल्क देना होगा।

**मोनिका वर्मा,** रिसाली निगम आयुक्त

## स्वातंत्र्य विधेयक को खारिज करने मूल निवासी संघ ने की मांग




**भिलाई।** मूल निवासी संघ ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ ने इस विधेयक को सीधे संविधान और मौलिक अधिकारों पर हमला बताते हुए राज्यपाल से इसे तत्काल खारिज करने की मांग की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संघ के सदस्यों ने कहा कि यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 25 को कमजोर करने की साजिश है। धर्म मानने, अपनाने और प्रचार करने के अधिकार को अपराध की तरह पेश किया जा रहा है। संविधान की आत्मा के खिलाफ कानून संविधान की उद्देशिका में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता को यह विधेयक कुचलने का प्रयास करता है। प्रलोभन की आड़ में समाजसेवा पर वार है। दान, शिक्षा, इलाज, मदद सभी को प्रलोभन बताकर अपराध बनाने की तैयारी। अनाथालय, स्कूल, अस्पताल भी शक के घेरे में आ जाएंगे। झूठे केस, उत्पीड़न और डर का माहौल बनेगा। संघ ने कहा यह कानून खास समुदायों को टारगेट करने का हथियार बन सकता है। वैश्विक मानवाधिकार मानकों की खुलेआम अनदेखी। उन्होंने कहा कि जब पूरा मामला पहले से सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, तो नया कानून लाना न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने जैसा है। मूल निवासी संघ ने कहा कि अगर इस विधेयक को अनुमति दी गई तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन होगा। सड़कों से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान मूल निवासी संघ के जय साहू जिला अध्यक्ष, अमरजीत पटेल प्रदेश अध्यक्ष, साझी जॉन महासचिव, एम जोनाथन अध्यक्ष यूसीसी जिला दुर्ग और सुभाष पाल महासचिव यूसीसी जिला दुर्ग मौजूद थे।

## बीएसपी में दुर्घटना में मृत श्रमिक के परिवार को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति : इंटक



**भिलाई।** बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-4 में कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में ठेका श्रमिक खोमलाल वर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी पहडोर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान रात लगभग 7 बजे उसकी मौत हो गई। वह श्रमिक ठेका कंपनी बलदेव सिंह के अधीन कार्यरत थे। घटना के बाद स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं उनके प्रतिनिधि मंडल द्वारा बीएसपी के उच्च प्रबंधन एवं संबंधित ठेका कंपनी से तत्काल चर्चा की। इसके बाद मृतक के परिवार के एक सदस्य को बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। 10 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। ईएसआईसी एवं ईपीएफ के माध्यम से पेंशन का लाभ मिलेगा। ठेका कंपनी द्वारा 2 लाख की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की गई। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन की ओर से उप महाप्रबंधक रोहित हरित, वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजन, प्रियंका मीणा, शशांक राव, हरीश बैतूल, यूनियन की ओर से सीपी. वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर. दिनेश, गुरुदेव साहू, मनोहर लाल, सुरेश एवं श्याम कुमार उपस्थित रहे।

## शारदा के मृत शरीर को चिकित्सा अध्ययन के लिए किया दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

पद्मनाभपुर निवासी 90 वर्षीय शारदा सिन्हा का मरणोपरांत देहदान संपन्न हुआ। उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई कर रहे छात्रों के अध्ययन के लिए अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, जुनवानी भिलाई को सौंपा गया। यह कार्य संस्था प्रनाम के माध्यम से परिजनों की सहमति से हुआ।



■ प्रनाम की पहल पर मानवता की मिसाल

शारदा सिन्हा ने 2 मई, 2016 को प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात देहदान की वसीयत जारी की थी। उनके निधन के तत्काल बाद परिजनों ने उनकी इस अंतिम इच्छा का सम्मान किया और प्रनाम संस्था के अध्यक्ष पवन केसवानी को सूचित किया। सूचना मिलते ही संस्था द्वारा देहदान की सभी आवश्यक कागजी और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करवाई गईं। देहदान से पूर्व निवास स्थान पर एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित जनों ने उनके देहदान के समर्पण भाव को याद कर उन्हें नमन किया। देहदान प्रक्रिया में सहभागिता प्रदान करने वालों में स्व. शारदा सिन्हा के परिजनों में राजेश श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव, उमा वर्मा, आशुतोष वर्मा के अलावा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. अनिल रामभाऊ शिर्के, डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. प्रदनेश, डॉ.दिलीप कुमार, अजय सिंह राजपूत, प्रनाम संस्था के पवन केसवानी आदि मौजूद थे।

